JUBILANT INDUSTRIES

## जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएन : L24100UP2007PLC032909
पंजीकृत कार्यालयः भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244 223, उत्तर प्रदेश
ईमेलः investorsjil@jubl.com; वेबसाईटः www.jubilantindustries.com
फोनः +91-5924-252353-60

### 11वीं वार्षिक साधारण सभा, पुस्तक बंदी तथा ई–वोटिंग जानकारी की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 11वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) मंगलवार, 29 अगस्त 2017 को 1:30 बजे अपराह्न कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244223, उत्तर प्रदेश में, कथित एजीएम के आयोजन की सूचना में निहित व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित होना निश्चित किया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (नियम) के नियम 20 एवं सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 44 के अनुपालन में कम्पनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (रिमोट ई–वोटिंग) की सुविधा प्रदान कर रही है। तद्नुसार, एजीएम की सूचना में व्यक्त व्यवसाय के मदों को नेशनल सिक्यूरिटी डिपोज़िटी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ई–वोटिंग सेवा के माध्यम से निष्पादित किया जा सकता है।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने शुक्रवार, 4 अगस्त 2017 को एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट जिसमें, अन्य विषयों के अतिरिक्त, 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित लेखा व अंकेक्षकों तथा निदेशकों की रिपोर्ट भी है, का प्रेषण स्वीकृत साधनों के माध्यम से पूर्ण कर लिया है।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि : (क) रिमोट ई–वोटिंग शनिवार, 26 अगस्त 2017 को प्रातः 9:00 बजे आरम्भ होगी तथा सोमवार, 28 अगस्त 2017 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। (ख) सोमवार, 28 अगस्त 2017 को सायं 5:00 बजे के पश्चात् रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। (ग) रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति उपरोक्त दिवस तथा समय के उपरान्त नहीं होगी तथा उपरोक्त अवधि की समाप्ति पर एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। (घ) वोटिंग के अधिकार (रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में मतदान–पत्र के माध्यम से वोटिंग) का आंकलन कम्पनी के साथ सदस्यों के **कट–ऑफ तिथि** अर्थात् मंगलवार, 22 अगस्त 2017 को अंशों के प्रदत्त मूल्य पर होंगे। (ङ) ऐसा कोई व्यक्ति जिसने एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् शेयरों का अधिग्रहण किया हो एवं कम्पनी का सदस्य बना हो एवं कट–ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार, 22 अगस्त 2017 को शेयर धारक हो, वह **evoting@nsdl.co.in** अथवा आरटीए को **rta@alankit.com** पर एक आवेदन (अपना नाम, फोलियो संख्या/डीपी आईडी एव क्लाइंट आईडी, इस मामले में जैसा भी हो, एवं अंशधारिता के साथ) भेजकर यूजर आई डी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हांलाकि, यदि कोई व्यक्ति, रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत हो, वह वोटिंग हेतु अपना मौजूदा यूजर आईडी एव पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति पासवर्ड भूल चुका हो तो वह **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध "Forget User Details/Password" विकल्प का प्रयोग कर अथवा टॉल फ्री नम्बर 1800–222–990 पर एनएसडीएल से सम्पर्क कर 'रिसेट' कर सकता है। (च) मतदान–पत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा भी एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं किया हो वे एजीएम में मतदान पत्र द्वारा अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। (छ) सदस्य अपने वोटिंग का अधिकार रिमोट ई–वोटिंग द्वारा करने के पश्चात् भी एजीएम में भाग ले सकते हैं परन्तु उन्हें एजीएम में पुनः वोट करने की अनुमति नहीं होगी। (ज) रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में मतपत्र के माध्यम से वोटिंग का अधिकार उस व्यक्ति को होगा जिसका नाम कट ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपोज़िटरिज़ द्वारा अनुरक्षित लाभ भोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हो। वह व्यक्ति जो कटऑफ तिथि को सदस्य न हो, इस सूचना को जानकारी मात्र की तरह व्यवहृत कर सकता है। (झ) एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.jubilantindustries.com** पर प्रदर्शित है। एजीएम की सूचना एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

ई वोटिंग निर्देश हेतु, सदस्यों से निवेदन है कि एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को देखें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के साथ जुड़े किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध "Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders" एवं "Remote e-Voting user manual for Shareholders" को संदर्भित कर सकते हैं अथवा श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल, चौथी मंजिल, 'ए' विंग, ट्रेड वर्ल्ड, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई –400013, को **evoting@nsdl.co.in/ rajivr@nsdl.co.in** पर ई–मेल अथवा टॉल फ्री नम्बर 1800–222–990/टेलीफोन 022–24994738 अथवा श्री जे. के. सिंगला, वरिष्ठ प्रबंधक, मेसर्स अलंकित एसाइन्मेन्ट्स लिमिटेड, 1 ई/13, अलंकित हाईट्स, झंडेवालान एक्सटेंसन, नई दिल्ली–110055 से ई मेल द्वारा **rta@alankit.com** अथवा टेलीफोन नं. 011–42541234 पर संपर्क कर सकते हैं।

एजीएम की सूचना में निहित प्रस्तावों पर मतदान का परिणाम एजीएम की समाप्ति के 48 घंटों के अन्दर घोषित कर दिया जाएगा। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट **www.jubilantindustries.com** पर एवं एनएसडीएल की वेबसाइट पर अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत निदेशक द्वारा परिणाम की घोषणा के तुरन्त बाद प्रदर्शित होगा एवं स्टॉक एक्सचेन्जों को भी संप्रेषित किया जाएगा। परिणाम पंजीकृत कार्यालय भारतियाग्राम, गजरौला, जिला अमरोला – 244 223 तथा कॉर्पोरेट कार्यालय 1ए, सेक्टर 16ए, नोएडा – 201 301, उत्तर प्रदेश में भी प्रदर्शित होगा।

उपरोक्त अधिनियम की धारा 91 के साथ पठित उपरोक्त नियम के नियम 10 तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 42 के अनुपालन में एतद् द्वारा आगे सूचित किया जाता है कि कम्पनी सदस्यों की पुस्तक तथा शेयर ट्रांसफर पुस्तकें शनिवार, 19 अगस्त 2017 से मंगलवार, 29 अगस्त 2017 (दोनों दिन शामिल), तक एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

**कृते जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता०/–**
**दिनेश कुमार गुप्ता**
**कम्पनी सचिव**

तिथि : 5 अगस्त 2017
स्थान : नोएडा